**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

**दिनांक : 18.08.2025** **समय : 0705**

- **महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप–राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के उम्मीदवार होंगे।**
- **केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने छात्रों से 2047 तक 'समृद्ध भारत' के उद्देश्य को साकार करने के लिए आत्मनिर्भर बनने का आह्‌वान किया है।**
- **एचआईवी एड्स पर जागरूकता फैलाने के लिए कल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से फ्लैग प्वाइंट तक मैराथन का आयोजन किया गया ।**
- **खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेल विभाग कल से एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करेगा।**

<><><><><><><>

महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन उप–राष्ट्रपति चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के उम्मीदवार होंगे। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने कल नई दिल्ली में भाजपा मुख्यालय में पार्टी संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी सहयोगी दलों ने इस फैसले का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सहमति से उपराष्ट्रपति चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी दलों के साथ समन्वय का प्रयास करेगी। श्री नड्डा ने कहा कि पिछले सप्ताह एनडीए के सहयोगी दलों और विपक्षी दलों से इस बारे में संपर्क किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी बैठक में उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति चुनाव अगले महीने की नौ तारीख को होगा। श्री जगदीप धनखड के इस्तीफे के बाद यह चुनाव कराना आवश्यक हो गया है।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्रों से 2047 तक 'समृद्ध भारत' के उद्देश्य को साकार करने के लिए आत्मनिर्भर बनने का आह्‌वान किया है। शिक्षा मंत्री ने कल भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी दिल्ली के परिसर में छात्रों और अध्यापकों के साथ बातचीत में राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। श्री प्रधान ने क्षमताओं को बढ़ाने और नवाचार की भावना का विस्तार करने पर भी अपने विचार साझा किए।

<><><><><><><>

केन्द्रीय मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने देश में मोटापे और मधुमेह के रोगियों के लिए भारतीय उपचार खोजने का आह्‌वान किया है। उन्होंने नई दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पेट का मोटापा भारतीयों के लिए पश्चिमी देशों के लोगों के मुकाबले ज्यादा खतरनाक है। उन्होंने भारतीय युवा समुदाय के संदर्भ में बचाव प्रक्रियाएं अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि देश में 40 वर्ष की आयु से कम आबादी में से 70 प्रतिशत लोगों को जीवनशैली संबंधी बिमारियों से खतरा है और देश इसे सहन करने की स्थिति में नहीं हैं।

<><><><><><><>

मायाबंदर स्थित पोक्कडेरा पंचायत हॉल में हाल ही में मध्योत्तर अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन की अध्यक्षता में एक जन–सुनवाई बैठक आयोजित की गई। इसमें अंकेश यादव, एसडीपीओ डिगलीपुर और मायाबंदर थाना प्रभारी भी शामिल थे। बैठक के दौरान जनहित के कई मुद्दों पर चर्चा की गई, जिनमें नशीली दवाओं का दुरुपयोग और नशे में गाड़ी चलाना शामिल है। पुलिस अधीक्षक ने इन समस्याओं को हल करने के लिए आवश्यक प्रयासों का आश्वासन दिया। उन्होंने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और यातायात अनुशासन पर एक जागरूकता सत्र भी आयोजित किया। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त और सुरक्षित समाज का निर्माण केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति का सामूहिक कर्तव्य है। बैठक में प्रधान, उप–प्रधान, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्य और स्थानीय निवासियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

एचआईवी और एड्स जागरूकता फैलाने के लिए कल राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल से फ्लैग प्वाइंट तक एक मैराथन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम एएनएम प्रशिक्षण विद्यालय के रेड रिबन क्लब और नर्सिंग विद्यालय द्वारा अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसायटी के सहयोग से आयोजित किया गया था। मैराथन को निकोबार एड्स नियंत्रण सोसायटी के परियोजना निदेशक डॉ. सुब्रतो साहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें नर्सिंग और एएनएम के छात्रों के साथ–साथ दोनों संस्थानों के शिक्षकों ने भाग लिया। दौड़ में एचआईवी और एड्स के खिलाफ लड़ाई में 'जागरूकता, रोकथाम और देखभाल' का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को एचआईवी मुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने की शपथ भी दिलाई गई।

<><><><><><><>

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाएगा। इस सिलसिले में खेल एवं युवा मामले विभाग, शिक्षा विभाग के सहयोग से इस दिवस को खेल सप्ताह के रूप में मनाने जा रहा है। इस संबंध में, खेल विभाग कल से एक सप्ताह तक चलने वाले कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करेगा। इच्छुक प्रतिभागी और संबंधित टीम आज सुबह 9.30 बजे से शाम 4.30 बजे के बीच अपने नाम पंजीकृत कराने के लिए कार्यक्रम आयोजक से संपर्क कर सकते हैं। आयोजन की तिथि मौसम की स्थिति के अनुसार बदली जा सकती है।

<><><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय में पूर्व चैंपियन एथलीटों से खेलो इंडिया केंद्रों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुबंध के आधार पर एक वर्ष के लिए होने वाली नियुक्ति के लिए पच्चीस हजार रूपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इन पदों पर पच्चीस अगस्त तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी विभाग की आधिकारिक वेबसाइट और राज्य पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस के सिलसिले में, दक्षिण अंडमान का उप–शिक्षा कार्यालय कल सुबह 6 बजे सरकारी और निजी स्कूलों के अंडर–17 आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए अंतर–विद्यालय रोड रेस प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। लड़कों को 10 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी। यह दौड़ नेताजी स्टेडियम से शुरू होकर कार्बाइंस कोव तट तक जाएगी, जबकि लड़कियों को नेताजी स्टेडियम से मजार तक 5 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए वापस आना होगा। 29 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह के दौरान विजेताओं को ट्रॉफी, पदक और प्रमाण पत्र वितरित किए जाएँगे।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी कॉलेज मायाबंदर में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जनजाति और दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित सीटों के अलावा कुछ सीटें रिक्त हैं। प्रवेश के लिए परामर्श 20 अगस्त को सुबह साढ़े नौ बजे से आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

सम्राट राजेन्द्र चोल–प्रथम के दक्षिण–पूर्व एशिया के ऐतिहासिक नौसैनिक अभियान के हजार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तमिझार संगम में आयोजित कार्यक्रम में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी के भाग लेने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। इस खबर के अलावा अखबार ने फिट इंडिया अंडमान निकोबार खेल महोत्सव की शुरूआत के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने उप–राज्यपाल द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर द्वीपसमूह के विकास के लिए रोडमैप तैयार करने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। जिला परिषद निवास में बुनियादी सुविधाओं के अभाव के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** ने, जबकि मौसम के खराब होने के कारण जहाजों का परिचालन स्थगित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने छापा है।

<><><><><><><>